1 भाषा

देखो, पढ़ो और समझो-

ऊपर दिए गए चित्र में आपने देखा कि आपकी तरह एक बच्चा दुकानदार से बॉल माँग रहा है और दुकानदार उसकी बात सुनकर, समझकर बॉल दे रहा है। इसी को भाषा कहते हैं।

अपने मन की बातों को दूसरे तक पहुँचाना तथा दूसरे के मन की बातों को सुनकर समझना ही **भाषा** कहलाती है।

भाषा के रूप

भाषा के दो रूप होते हैं-

मौखिक भाषा लिखित भाषा

Scanned with CamScanner

मौखिक भाषा-

दो दोस्त फ़ोन पर बात करके एक-दूसरे की मन की बात को समझ रहे हैं तथा सुन रहे हैं। इसी को **मौखिक भाषा** कहते हैं।

हम बोलकर अपनी बातों को दूसरे तक पहुँचाते हैं और सुनकर उसे समझते हैं, उसे **मौखिक भाषा** कहते हैं।



चित्र में ध्यान से देखो कि एक लड़की अपने दोस्त को लिखकर एस० एम० एस० कर रही है और दूसरा मित्र एस० एम० एस० को पढ़कर समझ रहा है। इसी को लिखित भाषा कहते हैं।

हम लिखकर अपने मन की बातों को दूसरे तक पहुँचाते हैं और पढ़कर हम समझते हैं, उसे **लिखित भाषा** कहते हैं।

विशेष- इशारे से की गई बातों को यानी संकेत करने को भाषा की मान्यता नहीं मिली है।

जीव-जंतुओं की भी अपनी कुछ बोलियाँ होती हैं, जिन्हें केवल वे ही आपस में समझते हैं।

जीव-जंतुओं की बोलियाँ

टर्र-टर्र


काँव-काँव


टॉय-टॉय


कूकड़ूँ-कूँ

Scanned with CamScanner

भों-भों

म्याऊँ-म्याऊँ

चीं-चीं

मैं-मैं

हमने सीखा

- मन की बातों को बताना, समझना व समझाना ही भाषा है।
- भाषा के दो रूप- 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा
- जीव-जंतुओं की बोलियाँ।

अभ्यास

1. ✓ या ✗ का निशान लगाइए-

(क) भाषा हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। ◯

(ख) भाषा के केवल दो प्रकार होते हैं। ◯

(ग) रेडियो से गाना सुनना लिखित रूप है। ◯

(घ) 'टर्र-टर्र' चिड़िया की बोली है। ◯

2. प्रश्नों के उत्तर में ✓ लगाइए-

(क) भाषा के कितने रूप होते हैं?

एक ◯ दो ◯ तीन ◯

(ख) बोलकर अपनी बातों को कहना कौन-सा रूप है?

मौखिक ◯ लिखित ◯ संकेत ◯

(ग) लिखित रूप में क्या करते हैं?

बोलते हैं ◯ लिखते हैं ◯ संकेत करते हैं ◯

Scanned with CamScanner

(घ) मौखिक रूप में क्या करते हैं?

बोलते हैं ◯ लिखते हैं ◯ इनमें से कोई नहीं ◯

3. मिलान कीजिए-

कुत्ता	टॉय-टॉय
मेंढक	भौं-भौं
चूहा	म्याऊँ-म्याऊँ
मुर्गा	काँव-काँव
कौआ	चूँ-चूँ
बिल्ली	कुकड़ूँ कूँ
तोता	टर्र-टर्र

4. प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) भाषा किसे कहते हैं?

____

(ख) भाषा के रूप लिखिए।

____

कुछ नया करें

दिए चित्र को ध्यान से देखिए जो भाषा का मौखिक रूप है उसमें ◯ व जो लिखित रूप है उसमें ☐ कीजिए।